रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 350] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 1, 2007/श्रावण 10, 1929
No. 350] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 1, 2007/SRAVANA 10, 1929

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 अगस्त, 2007

सा. का. नि. 519(अ).—केन्द्रीय सरकार, धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (2003 का 15) की धारा 30 के साथ पठित धारा 73 की उप-धारा (2) के खंड (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपील अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों के रूप में नियुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति और सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**-(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम धन-शोधन निवारण (अपील अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति और सेवा की शर्तें) नियम, 2007 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएं**- (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो--

(क) " अधिनियम" से धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (2003 का 15) अभिप्रेत है ;
(ख) "अपील अधिकरण " से अधिनियम की धारा 25 के अधीन स्थापित अपील अधिकरण अभिप्रेत है ;
(ग) " अध्यक्ष" से अपील अधिकरण का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;
(घ) " सदस्य" से अपील अधिकरण का सदस्य अभिप्रेत है ;

(2) उन सभी अन्य शब्दों और पदों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं ।

3. **अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हताएं**- कोई व्यक्ति अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए तभी अर्हित होगा जब वह उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश हो या रहा हो या उच्च न्यायालय में न्यायाधीश होने के लिए अर्हित हो ।

4. **अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की पद्धति**- भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हित व्यक्तियों के प्रवर्गों में से अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों के तीन नामों का पैनल देने का अनुरोध किया जाएगा ।

5. **सदस्य के रूप में नियुक्तिके लिए अर्हताएं**--(1) लेखाकार सदस्य निम्नलिखित प्रवर्ग में से होगा:-

ऐसा व्यक्ति जो चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 के अधीन चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत लेखाकार के रूप में या भागतः रजिस्ट्रीकृत लेखाकार और भागतः चार्टर्ड अकांटेंट के रूप में कम से कम दस वर्ष तक व्यवसाय में रहा हो ;

(2) अन्य सदस्य के लिए, कोई व्यक्ति नियुक्ति के लिए तभी अर्हित होगा जब वह--

(क) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश हो या रहा हो ; या

(ख) भारतीय विधि सेवा का सदस्य रहा हो और उस सेवा के श्रेणी 1 में कम से कम तीन वर्ष तक पद धारण किया हो ; या

(ग) भारतीय राजस्व सेवा का सदस्य रहा हो और उस सेवा में आयकर आयुक्त का पद या समतुल्य पद कम से कम तीन वर्ष तक धारण किया हो ; या

(घ) भारतीय आर्थिक सेवा का सदस्य रहा हो और उस सेवा में संयुक्त सचिव का पद या समतुल्य पद कम से कम तीन वर्ष तक धारण किया हो ; या

(ङ) भारतीय सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क का सदस्य रहा हो और उस सेवा में संयुक्त सचिव का पद या समतुल्य पद कम से कम तीन वर्ष तक धारण किया हो ; या

(च) भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा का सदस्य रहा हो उस सेवा में कम से कम संयुक्त सचिव का पद या समतुल्य पद कम से कम तीन वर्ष तक धारण किया हो ।

6. **सदस्य के रूप में नियुक्ति की पद्धति** :-- (1) चयन, चयन समिति की सिफारिश पर किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित होंगे,--

(क) राजस्व सचिव	-	अध्यक्ष
(ख) सचिव, विधि कार्य विभाग, भारत सरकार	-	सदस्य
(ग) भारत का उप नियंत्रक और महालेखा परीक्षक	-	सदस्य
(घ) अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड या अध्यक्ष, उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड	-	सदस्य

[राजस्व सचिव द्वारा नामनिर्देशित किया जाएगा]

(2) चयन समिति, विज्ञापन द्वारा आवेदनों के आमंत्रण के पश्चात् या समुचित प्राधिकारियों की सिफारिशों पर वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार की गई अभ्यर्थियों की सूची के व्यक्तियों में से लेखा सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए व्यक्तियों की सिफारिश करेगी ।

(3) चयन समिति चयन करने के लिए अपनी स्वयं की प्रक्रिया को विकसित करेगी ।

7. **विद्यमान अपील अधिकरण के अध्यक्ष और एक सदस्य की नियुक्ति** :- तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किसी अन्य अधिकरण में इस रूप में पद को धारण किए हुए अध्यक्ष या सदस्य को, उस अधिकरण के अध्यक्ष या सदस्य होने के अतिरिक्त यथास्थिति अपील अधिकरण के अध्यक्ष या सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा ।

8. अध्यक्ष का वेतन, भत्ते आदि- (1) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च् न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश, उस दर से मासिक वेतन का हकदार होगा जो यथास्थिति उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उसको अनुज्ञेय है और वह ऐसे भत्ते तथा अन्य फायदों का हकदार होगा जो यथास्थिति उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अनुज्ञेय हैं ।

(2) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को उस अवधि के लिए जब वह अध्यक्ष के रूप में सेवा करता है ऐसा वेतन संदत्त किया जाएगा जो पेंशन और किसी अन्य रूप में सेवानिवृत्त फायदों के समतुल्य पेंशन, सेवानिवृत्ति से पूर्व उसके लिए गए अंतिम वेतन से अधिक नहीं होगा तथा वह, ऐसे भत्तों और अन्य फायदों का हकदार होगा जो यथास्थिति उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को अनुज्ञेय हैं ।

(3) अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किसी व्यक्ति को जो उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश नहीं है, 26 हजार रुपए (नियत) प्रतिमास का वेतन संदत्त किया जाएगा और वह ऐसे भत्ते और फायदे लेने का हकदार होगा जो समतुल्य वेतन वाले सरकारी अधिकारी को अनुज्ञेय है :

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारियों [अर्थात् 26000 रुपए (नियत) के वेतनमान वाले अधिकारी] के वेतनमान का पुनरीक्षण किया जाता है तो इस उपनियम में निर्दिष्ट अध्यक्ष के रूप में नियुक्त ऐसा व्यक्ति केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारियों को लागू पुनरीक्षित वेतनमान का हकदार होगा ;

परंतु यह और कि ऐसा व्यक्ति यदि अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के समय सरकार के अधीन या सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय निकाय या प्राधिकरण में की गई पूर्व सेवा की बाबत पेंशन प्राप्त कर रहा है तो ऐसे वेतन में से पेंशन और अन्य किसी रूप में सेवानिवृत्ति फायदों के समतुल्य पेंशन की रकम की कटौती कर दी जाएगी ।

(4) जहां तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किसी अन्य अधिकरण के अध्यक्ष को उस अधिकरण के अध्यक्ष के होने के अतिरिक्त अपील अधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है तो वहां वह अपील अधिकरण में किसी वेतन या भत्ते का हकदार नहीं होगा ।

(5) अध्यक्ष के वेतन और भत्तों में तथा सेवा के अन्य निबंधनों और शर्तों में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा ।

9 सदस्यों के वेतन, भत्ते आदि- (1) सदस्य के रूप में नियुक्त उच्च न्यायालय का न्यायाधीश, उसी दर से मासिक वेतन का हकदार होगा जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उसको अनुज्ञेय है और वह ऐसे भत्ते तथा अन्य फायदों का हकदार होगा जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अनुज्ञेय हैं ।

(2) जहां कोई सदस्य ऐसे सदस्य के रूप में पदावधि के दौरान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त होता है या उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश इस रूप में नियुक्त होता है वहां सदस्य के रूप में नियुक्त उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को उस अवधि के लिए जब वह सदस्य के रूप में सेवा करता है, ऐसा वेतन जो उसकी पेंशन के साथ और किसी अन्य रूप में सेवानिवृत्ति फायदों के समतुल्य पेंशन, संदत्त किया जाएगा जो सेवानिवृत्ति से पूर्व उसके द्वारा लिए गए अंतिम वेतन से अधिक

नहीं होगा तथा वह, उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश के रूप में ऐसे भत्तों और अन्य फायदों का हकदार होगा जो उच्च न्यायालय के किसी सेवारत न्यायाधीश को अनुज्ञेय हैं ।

(3) सदस्य के रूप में नियुक्त किसी व्यक्ति को जो उच्च न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश नहीं है, 22,400-24,500 रुपए वेतनमान में प्रतिमास वेतन संदत्त किया जाएगा और वह ऐसे भत्ते पाने का हकदार होगा जो सरकार के समतुल्य वेतन वाले सरकारी अधिकारी को अनुज्ञेय है :

परंत यदि केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारियों (अर्थात् 24,400-525-24,500 रुपए) के वेतनमान वाले अधिकारी] के वेतनमान का पुनरीक्षण किया जाता है तो इस उपनियम में निर्दिष्ट सदस्य के रूप में नियुक्त व्यक्ति, केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारियों को लागू पुनरीक्षित वेतनमान का हकदार होगा ;

परंतु यह और कि यदि ऐसा व्यक्ति सदस्य के रूप में नियुक्ति के समय सरकार के अधीन या सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय निकाय या प्राधिकरण में की गई पूर्व सेवा की बाबत पेंशन प्राप्त कर रहा है तो ऐसे वेतन में से पेंशन और अन्य किसी रूप में सेवानिवृत्ति फायदों के समतुल्य पेंशन की रकम की कटौती कर दी जाएगी ।

(4) जहां, तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किसी अन्य अधिकरण के सदस्य को उस अधिकरण के सदस्य के होने के अतिरिक्त अपील अधिकरण के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है तो वहां वह अपील अधिकरण में किसी वेतन या भत्ते का हकदार नहीं होगा ।

(5) सदस्य के वेतन और भत्तों में तथा सेवा के अन्य निबंधनों और शर्तों में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा ।

10. सदस्य के वेतन का नियतन -- जहाँ सरकारी या किसी स्थानीय निकाय या सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन प्राधिकरण के अधीन सेवा से निवृत्त व्यक्ति को सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, वहाँ ऐसे सेवानिवृत्ति के पश्चात् सदस्य के रूप में उसके वेतन से, पेंशन की रकम या सेवा निवृत्ति फायदों के किसी अन्य रूप के समतुल्य पेंशन की कटौती की जाएगी ।

11. भविष्य निधि - (1) अध्यक्ष, यदि वह उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का आसीन न्यायाधीश है तो वह साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा)नियम, 1960 के अधीन साधारण भविष्य निधि लेखा में उसी रीति से अभिदाय करने का हकदार होगा जिसमें कोई अन्य केन्द्रीय सरकार का सेवक हकदार है ।

(2) उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश, जिसे अपील अधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है, अभिदायी भविष्य निधि नियम, (भारत) 1962 के अधीन अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा ।

(3) यदि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के लिए अर्हित किसी व्यक्ति को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है तो वह अभिदायी भविष्य निधि नियम (भारत) 1962 के अधीन अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा ।

(4) यदि तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किसी अन्य अधिकरण के अध्यक्ष को, उस अधिकरण के अध्यक्ष होने के अतिरिक्त अपील अधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह साधारण भविष्य निधि लेखा या अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार नहीं होगा ।

(5) कोई सदस्य, यदि वह किसी उच्च न्यायालय का आसीन न्यायाधीश है, साधारण भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा)नियम, 1960 के अधीन उसी रीति से साधारण भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा जिसमें केन्द्रीय सरकार का कोई अन्य सेवक हकदार है ।

(6) किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवानिवृत्त न्यायाधीश जिसे सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, अभिदायी भविष्य निधि नियम (भारत) 1962 के अधीन अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा ।

(7) यदि, तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन स्थापित किसी अन्य अधिकरण के सदस्य को, उस अधिकरण के सदस्य होने के अतिरिक्त अपील अधिकरण के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह साधारण भविष्य निधि लेखा या अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार नहीं होगा ।

(8) कोई सदस्य, जो भारतीय विधिक सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय आर्थिक सेवा, भारतीय सीमाशुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क सेवा या भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा सेवा का सदस्य है, अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) 1955 के अधीन भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा ।

(9) कोई सदस्य, जो इस नियम के उपनियम (5) में निर्दिष्ट सेवाओं से सेवानिवृत्त हुआ है, अभिदायी भविष्य निधि नियम (भारत) 1962 के अधीन अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा ।

(10) कोई सदस्य, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) के अधीन किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में या रजिस्ट्रीकृत लेखाकार के रूप में लेखाकर्म के व्यवसाय में रहा है, अभिदायी भविष्य निधि नियम (भारत) 1962 के अधीन अभिदायी भविष्य निधि लेखा में अभिदाय करने का हकदार होगा ।

12. यात्रा भत्ते -- (1) यदि अध्यक्ष, उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश है, तो वह अधिकरण के कार्य के संबंध में उसके द्वारा की गई यात्राओं की बाबत, यथास्थिति, उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (यात्रा भत्ता) नियम, 1959 या उच्च न्यायालय न्यायाधीन (यात्रा भत्ता) नियम, 1956 के अधीन उन दरों से, जो यथास्थिति, उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को अनुज्ञेय हैं, यात्रा भत्ता पाने का हकदार होगा । तथापि, उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश, उनके मुख्यालयों से दूर परिक्षेत्रों में उनके साधारण कर्तव्यों से बाहर कृत्यों को करने के लिए यथास्थिति उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को अनुज्ञेय से उच्चतर दैनिक भत्ते के फायदे का हकदार नहीं होगा ।

(2) अध्यक्ष, जो उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश नहीं है या कोई सदस्य अधिकरण के कार्य के संबंध में उसके द्वारा की गई यात्राओं की बाबत उन्हीं दरों से, जो केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारी को अनुज्ञेय हैं, यात्रा भत्ता पाने का हकदार होगा ।

13. छुट्टी - (1) जहां, अध्यक्ष, उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश है वहां वह ऐसी छुट्टियों के लिए हकदार होगा जो यथास्थिति उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और

सेवा शर्तें)अधिनियम, 1958 (1958 का 41) या उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1954 (1954 का 28) के अधीन उसे अनुज्ञेय हैं । अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की पदावधि के दौरान सेवानिवृत्त होने वाला उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश, उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख से केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 द्वारा शासित होगा ।

(2) जहाँ, अध्यक्ष, उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवानिवृत्त न्यायाधीश है वहां वह ऐसी छुट्टी के लिए हकदार होगा जो सिविल न्यायालय सेवा (छुट्टी)नियम, 1972 के अधीन सरकार के किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है ।

(3) किसी सदस्य के रूप में नियुक्त कोई व्यक्ति ऐसी छुट्टी के लिए हकदार होगा जो केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के अधीन सरकार के किसी अधिकारी को अनुज्ञेय है :

परंतु जहाँ, ऐसे व्यक्ति को, जिसे केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 लागू नहीं होते, अध्यक्ष या किसी सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, वहां वह ऐसी नियुक्ति से पूर्व उसको लागू नियमों के अधीन छुट्टी मंजूर किए जाने का हकदार होगा ।

14. अवकाश – (1) जहां, अध्यक्ष, कोई सेवारत न्यायाधीश है वहां वह यथास्थिति उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1958 (1958 का 41) या उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1954 (1954 का 28) के अनुसार अवकाश के लिए हकदार होगा ।
(2) अध्यक्ष, जो उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश नहीं है और कोई सदस्य अवकाश के लिए हकदार नहीं होगा ।

15. वास - सुविधा - (1) उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश जिसे अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है, यथास्थिति उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1958 (1958 का 41) या उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1954 (1954 का 28) के अनुसार किसी शासकीय निवास का किराए का भुगतान किए बिना उपयोग करने के लिए हकदार होगा ।

(2) अध्यक्ष, जो उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश नहीं है और कोई सदस्य साधारण पूल वास सुविधा के आबंटन के हकदार नहीं होंगे । तथापि वे उन दरों से जो केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारियों को अनुज्ञेय हैं, मकान किराय भत्ता पाने के हकदार होगा ।

16. चिकित्सीय परिचर्या – (1) उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश, यथास्थिति उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1958 (1958 का 41) या उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्तें)अधिनियम, 1954 (1954 का 28) के अनुसार चिकित्सीय परिचर्या का हकदार होगा ।

(2) अध्यक्ष, जो उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय का कोई सेवारत न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश नहीं है और अधिकरण का कोई सदस्य, केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन वाले अधिकारी को अनुज्ञेय चिकित्सीय सुविधाओं के हकदार होंगे ।

17. पदावधि – (1) अध्यक्ष

(क) जहाँ, उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है, वहां वह अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष की अवधि के लिए या यथास्थिति सत्तर वर्ष या सड़सठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, पद धारण करेगा ।

(ख) जहाँ, खंड (क) के अंतर्गत न आने वाले किसी व्यक्ति को, अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है वहां वह पांच वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, पद धारण करेगा ।

(ग) खंड (ख) में किसी बात के होते हुए भी, जहां ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता है जिसे उस खंड में निर्दिष्ट पांच वर्ष की अवधि के पूरा होने के पश्चात् एक वर्ष की अवधि के भीतर उसको लागू सुसंगत नियमों के अधीन अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होना है , वहां ऐसा व्यक्ति उक्त नियमों के अधीन उसकी अधिवर्षिता की तारीख तक अध्यक्ष के रूप में पद धारण करता रहेगा ।

(2) सदस्य

(क) जहां कहीं, किसी सेवानिवृत्त सेवा/ न्यायिक/तकनीकी अधिकारी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, वहां वह पांच वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, पद धारण करेगा ।

(ख) जहां कहीं, किसी सेवानिवृत्त सेवा/ न्यायिक/तकनीकी अधिकारी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, वहां वह पांच वर्ष की अवधि के लिए या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, पद धारण करेगा, परंतु यह तब जब कि चयनित अधिकारी सेवानिवृत्ति मांगेगा या उसे अधिकरण में पद ग्रहण करने पर सेवानिवृत्त समझा जाएगा :

परंतु अन्य अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्य की पदावधि, जो इस अधिकरण में अतिरिक्त् प्रभार ग्रहण किए हुए हैं, अधिकरण में उनको लागू नियमों द्वारा शासित होंगे जहां वे अधिष्ठायी प्रभार ग्रहण किए हुए हैं ।

18. सेवा की अन्य शर्तें – ऐसे विषयों की बाबत जिनके लिए इन नियमों में कोई उपबंध नहीं किया गया है, अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें वहीं होंगी जो तत्समय केन्द्रीय सरकार के तत्समान प्रास्थिति वाले अन्य अधिकारियों को लागू हैं ।

19. शिथिल करने की शक्ति - जहां, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से आदेश द्वारा व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग की बाबत इन नियमों के किन्हीं उपबंधों को शिथिल कर सकेगी ।

20. व्यावृत्ति – इन नियमों के अंतर्गत न आने वाले किसी विषय की बाबत अध्यक्ष और कोई सदस्य ऐसे नियमों या आदेशों द्वारा जो केन्द्रीय सरकार के समतुल्यय प्रास्थिति वाले अधिकारी को लागू होते हैं, शासित होंगे ।

21. **निर्वचन** – यदि नियम के निर्वचन से संबंधित कोई प्रश्न उत्पन्न होता है तो विषय को केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा जो उस पर विनिश्चय करेगी ।

[अधिसूचना सं. 5/2007/फा. सं. 6/11/2005-ई. एस.]

वी. पी. अरोड़ा, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st August, 2007

G.S.R. 519(E).— In exercise of the powers conferred by clause (s) of sub-section(2) of section 73 read with section 30 of the Prevention of Money-Laundering Act, 2002 (15 of 2003), the Central Government hereby makes the following rules regulating the appointment and conditions of service of persons appointed as Chairperson and Members of the Appellate Tribunal, namely:-

1. **Short title and commencement.**— (1) These rules may be called the Prevention of Money Laundering (Appointment and Conditions of Service of Chairperson and Members of Appellate Tribunal) Rules, 2007.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**—(1) In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Prevention of Money-Laundering Act, 2002 (15 of 2003);

(b) "Appellate Tribunal" means an Appellate Tribunal established under section 25 of the Act;

(c) "Chairperson" means the Chairperson of the Appellate Tribunal;

(d) "Member" means a Member of the Appellate Tribunal.

(2) All other words and expressions used in these rules and not defined but defined in the Act, shall have the meaning respectively assigned to them in the Act.

3. **Qualifications for Appointment as Chairperson** :- A person shall not be qualified for appointment as Chairperson unless he is or has been a Judge of the Supreme Court or of a High Court or is qualified to be a Judge of the High Court.

4. **Method of Appointment as Chairperson** :- The Chief Justice of India will be requested to give a panel of three names of candidates suitable for appointment as Chairperson from among the categories of persons qualified for appointment as Chairperson specified in sub section (1) of section 28 of the Act.

5. **Qualifications for Appointment as Member** :- (1) The Accountant Member will be from the following category :-

A person who has been in the practice of accountancy as a Chartered Accountant under the Chartered Accountants Act, 1949 or as a registered accountant under any law for the time being in force or partly as a registered accountant and partly as a Chartered Accountant for at least ten years

(2) For the other Member, a person shall not be qualified for appointment unless he—

(a) is or has been a Judge of a High Court; or
(b) has been a member of the Indian Legal Service and has held a post in Grade-I of that Service for at least three years; or
(c) has been a member of the Indian Revenue Service and has held the post of Commissioner of Income Tax or equivalent post in that Service for at least three years; or
(d) has been a member of the Indian Economic Service and has held the post of Joint Secretary or equivalent post in that Service for at least three years; or
(e) has been a member of the Indian Customs and Central Excise Service and has held the post of Joint Secretary or equivalent post in that Service for at least three years; or
(f) has been a member of the Indian Audit and Accounts Service and has held the post of Joint Secretary or equivalent post in that Service for at least three years.

6. **Method of Appointment as Member** :— (1) Selection shall be made on the recommendation of a Selection Committee comprising of —

(a)	Revenue Secretary	-	Chairperson
(b)	Secretary, Department of Legal Affairs Government of India.	-	Member

(c) Deputy Comptroller and Auditor General of India - Member

(d) Chairman, Central Board of Direct Taxes or Chairman, Central Board of Excise and Customs - Member
[To be nominated by Revenue Secretary]

(2) The Selection Committee shall recommend persons for appointment as Accountant Member from amongst the persons on the list of candidates prepared by the Ministry of Finance after inviting applications therefor by advertisement or on the recommendations of the appropriate authorities.

(3) The Selection Committee shall evolve its own procedure for making selection.

7. **Appointment of Chairperson and One Member of an existing Appellate Tribunal** .— The Chairperson or a Member holding a post as such in any other Tribunal, established under any law for the time being in force, in addition to his being a Chairperson or a Member of that Tribunal, may be appointed as Chairperson or Member, as the case may be, of Appellate Tribunal.

8. **Salary, allowance, etc. of the Chairperson** .– (1) A serving Judge of the Supreme Court or of High Court appointed as Chairperson shall be entitled to a monthly salary at the same rate as is admissible to him as a judge of the Supreme Court or of a High Court, as the case may be and he shall be entitled to such allowances and other benefits as are admissible to a judge of the Supreme Court or of a High Court, as the case may be.

(2) A retired Judge of the Supreme Court or of a High Court appointed as Chairperson, shall be paid for the period he serves as Chairperson such salary which, together with his pension and pension equivalent of any other form of retirement benefits shall not exceed the last pay drawn by him before retirement and he shall be entitled to such allowances and other benefits as are admissible to a serving judge of the Supreme Court or of a High Court, as the case may be.

(3) A person who is not a serving judge, or a retired Judge of the Supreme Court or of a High Court appointed as Chairperson, shall be paid a salary of Rs.26,000/- (fixed) per mensem and shall be entitled to draw such allowances as are admissible to a Government officer of equivalent pay :

Provided that if the pay scale of the officers of the Central Government of equivalent pay [i.e., officers in the pay-scale of Rs.26,000/-(fixed)] is revised, the person appointed as Chairperson referred to in this sub-rule shall be entitled to the revised pay-scale applicable to the said officers of the Central Government of equivalent pay :

Provided further that if such a person at the time of his appointment as Chairperson is in receipt of a pension in respect of his previous service under the Government or any local body or authority owned or controlled by the Government, such salary shall be reduced by the amount of pension and pension equivalent of any other form of retirement benefits.

(4) Where a Chairperson of any other Tribunal, established under any law for the time being in force, is appointed in addition to his being the Chairperson of that Tribunal, as the Chairperson of the Appellate Tribunal, he shall not be entitled to any salary or allowances in the Appellate Tribunal.

(5) Neither the salary and allowances nor the other terms and conditions of service of the Chairperson shall be varied to his disadvantage after his appointment.

9. **Salary, allowances, etc. of members.** – (1) A Judge of the High Court appointed as member shall be entitled to a monthly salary at the same rate as is admissible to him as a judge of the High Court and he shall be entitled to such allowances and other benefits as are admissible to a judge of the High Court.

(2) Where the member retires from service as Judge of the High Court during the term of office of such member or a retired Judge of the High Court is appointed as such, he shall be paid for the period he serves as member such salary which, together with his pension and pension equivalent of any other form of retirement benefits shall not exceed the last pay drawn by him before retirement and he shall be entitled to such allowances and other benefits as are admissible to a serving judge of the High Court.

(3) A person, not being a serving or retired Judge of the High Court, appointed as member shall be paid a salary in the scale of pay of Rs.22,400-24,500 per mensem and shall be entitled to draw such allowances as are admissible to a Government officer of equivalent pay :

Provided that if the pay scale of the officers of the Central Government of equivalent pay [i.e., officers in the pay-scale of Rs.22,400-525-24,500)] is revised, the person appointed as Member referred to in this sub-rule shall be entitled to the revised pay-scale applicable to the said officers of the Central Government of equivalent pay :

Provided further that if such a person at the time of his appointment as member is in receipt of a pension in respect of any previous service under the Government or any local body or authority owned or controlled by Government, such salary shall be reduced by the amount of pension and pension equivalent of any other form of retirement benefits.

(4) Where a member of any other Tribunal, established under any law for the time being in force, is appointed in addition to his being the member of that Tribunal, as a member of the Appellate Tribunal, he shall not be entitled to any salary or allowances in the Appellate Tribunal.

(5) Neither the salary and allowances nor the other terms and conditions of service of the member shall be varied to his disadvantage after his appointment.

10. Fixation of pay of member. – Where a person retired from service under the Government or any local body or authority owned or controlled by the Government appointed as member, his salary as member after such retirement shall be reduced by the amount of pension and pension equivalent of any other form of retirement benefits.

11. Provident Fund. – (1) The Chairperson, if he is a sitting Judge of the Supreme Court or of a High Court, shall be entitled to make contributions towards General Provident Fund Account under the General Provident Fund (Central Services) Rules, 1960, in the same manner as any other Central Government servant.

